दिल्ली वालों के लिए 85 फीसदें सीटें आरक्षित

दिल्ली वालों के लिए 85 फीसदें सीटें आरक्षित

18 May 2019

A A A

दिल्ली सरकार के नियमानुसार एयूडी, डीटीयू, आईपीयू समेत दिल्ली सरकार के अधीन सभी विश्वविद्यालय में संचालित होने वाली कुल सीटों में से 85 फीसद सीटें दिल्ली के छात्रों के लिए आरक्षित हैं, जबकि शेष बची हुई 15 फीसद सीटें अन्य राज्यों के छात्रों के लिए हैं।.

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददता.

.

आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 में दाखिला के आवेदन प्रक्रिया 3 मई से शुरू कर दी है। इसके तहत स्नातक, परास्नातक और वी वोक कार्यक्रम की कुल 1059 सीटों के लिए छात्र 24 जून तक आवेदन कर सकते हैं।.

एयूडी से मिली जानकारी के अनुसार, सभी सीटों के लिए आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों मोड में किए जा सकते हैं। यह एयूडी के कर्मपुरा, कश्मीरी गेट व लोदी कॉलोनी कैंपस के लिए मान्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन 21 मई से स्वीकार किए जाएंगे। .

पहली कटऑफ 9 जुलाई को : एयूडी 9 जुलाई को दाखिला की पहली कटऑफ जारी करेगा। आखिरी कटऑफ 26 जुलाई को जारी होगी। वहीं बीवोक कार्यक्रम में दाखिला कटऑफ के आधार पर ही होगा, जिसकी पहली कटऑफ 9 जुलाई को जारी होगी। वहीं एयूडी परास्नातक के लिए 1 जुलाई से प्रवेश परीक्षा और 2 जुलाई से साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सफल उम्मीदवारों की पहली सूची 16 जुलाई को जारी होगी।.

दिल्ली सरकार के नियमानुसार एयूडी, डीटीयू, आईपीयू समेत दिल्ली सरकार के अधीन सभी विश्वविद्यालय में संचालित होने वाली कुल सीटों में से 85 फीसद सीटें दिल्ली के छात्रों के लिए आरक्षित हैं, जबकि शेष बची हुई 15 फीसद सीटें अन्य राज्यों के छात्रों के लिए हैं।.